




नवभारत

भोपाल, गुरुवार, 21 मई 2026


## एक नजर में

### रोजगार आधारित प्रशिक्षण का अवसर

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। श्रमोदय मॉडल आईटीआई भोपाल में नवीन सत्र हेतु प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार आधारित प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किये गये हैं।**

संस्थान में 100 प्रतिशत जॉब गारंटी,प्लेसमेंट सहायता, नि:शुल्क छात्रावास सुविधा, नि:शुल्क यूनिफॉर्म, नि:शुल्क अध्ययन सामग्री, उद्योग आधारित तकनीकी प्रशिक्षण जैसी विशेष सुविधायें हैं। इस संस्थान में प्रवेश केवल मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत लाभार्थियों के पुत्र एवं पुत्रियों को ही मिलेगा। आईटीआई के विभिन्न ट्रेडों में प्रवेश लेकर विद्यार्थी अपने उज्जवल भविष्य की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। प्रवेश, ट्रेड, पात्रता एवं अन्य जानकारी हेतु संस्थान के प्रशिक्षण अधिकारी 21 मई 2026 को विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के मार्गदर्शन हेतु कार्यालय श्रम पदाधिकारी संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन जिला टीकमगढ़ में उपलब्ध रहेंगे। अधिक जानकारी के लिये प्रशिक्षण अधिकारी श्रमोदय मॉडल आईटीआई भोपाल मध्यप्रदेश के मोबाईल नं. 9425376830 पर संपर्क कर सकते हैं। श्रमोदय मॉडल आईटीआई भोपाल में नवीन सत्र हेतु प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं।

# राजस्व विभाग की टीम ने अवैध उत्खनन पर की कार्रवाई

**दो पनडुब्बियों को आग लगाकर किया नष्ट**

**टीम को देख उत्खनन में शामिल लोग हुए फरार**

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय को धसान नदी में अवैध उत्खनन की सूचना मिली थी। उन्होंने तत्काल जतारा एसडीएम और पलेरा तहसीलदार को मौके पर भेजा। टीम के पहुंचते ही अवैध उत्खनन में शामिल लोग घटनास्थल से फरार हो गए। यह कार्रवाई पलेरा तहसील के मजरा कूटिन में धसान नदी पर की गई। राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से रेत निकाल रही दो पनडुब्बियों को आग लगाकर नष्ट कर दिया। इसके साथ ही, अवैध खनन में इस्तेमाल की जा रही एक पोकलेन मशीन को भी जब्त कर लिया गया।**

कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने अवैध उत्खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। प्रशासन की लगातार कार्रवाई के बावजूद जिले में रेत का अवैध उत्खनन थमने का नाम नहीं ले रहा है, जिसके बाद यह बड़ी कार्रवाई की गई। कलेक्टर ने बताया कि





अवैध उत्खनन की शिकायत मिलने पर एसडीएम जतारा निशांत भूरिया, तहसीलदार पलेरा कुलदीप सिंह, तहसीलदार जतारा नितिन गौड़, नायब तहसीलदार श्रीपत अहीरवार ने छापेमार कार्रवाई की है। अवैध उत्खनन के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। टीकमगढ़ जिले में अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बुधवार को बड़ी कार्रवाई की। पलेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत धसान नदी में अवैध रूप से रेत निकाल रहे खनन माफियाओं पर प्रशासन की टीम ने दबिश दी। कार्रवाई के दौरान दो पनडुब्बियों को जलाकर नष्ट कर दिया गया, जबकि अवैध खनन में इस्तेमाल की जा रही एक पोकलेन मशीन को जब्त किया गया। जानकारी के अनुसार, कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय को धसान नदी में बड़े पैमाने पर अवैध रेत उत्खनन की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही उन्होंने तत्काल जतारा एसडीएम और पलेरा तहसीलदार को मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। प्रशासनिक टीम जब पलेरा तहसील के मजरा कूटिन स्थित धसान नदी पर पहुंची, तो वहां अवैध उत्खनन का काम जारी था। हालांकि टीम को देखते ही खनन में शामिल लोग मौके से फरार हो गए। राजस्व विभाग और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध खनन में लगी दो पनडुब्बियों को आग लगाकर नष्ट कर दिया। बताया जा रहा है कि इन पनडुब्बियों के जरिए नदी की गहराई से बड़े स्तर पर रेत निकाली जा रही थी। मौके से एक पोकलेन मशीन को भी जब्त किया।

**पोकलेन मशीन को किया बरामद**

सूचना मिलते ही उन्होंने तत्काल जतारा एसडीएम और पलेरा तहसीलदार को मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। प्रशासनिक टीम जब पलेरा तहसील के मजरा कूटिन स्थित धसान नदी पर पहुंची, तो वहां अवैध उत्खनन का काम जारी था। हालांकि टीम को देखते ही खनन में शामिल लोग मौके से फरार हो गए। राजस्व विभाग और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध खनन में लगी दो पनडुब्बियों को आग लगाकर नष्ट कर दिया। बताया जा रहा है कि इन पनडुब्बियों के जरिए नदी की गहराई से बड़े स्तर पर रेत निकाली जा रही थी। इसके अलावा मौके पर खड़ी एक पोकलेन मशीन को भी जब्त कर लिया गया।

**लगातार आ रही अवैध उत्खनन की शिकायतें**

रेत लोडिंग और उत्खनन कार्य निर्माण में किया जा रहा था। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध खनन कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया है। लंबे समय से धसान नदी में अवैध उत्खनन की शिकायतें सामने आ रही थीं, लेकिन इस बार प्रशासन ने सीधे मौके पर पहुंचकर कठोर कार्रवाई कर स्पष्ट संदेश दिया है कि अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खनिज विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में लगातार अवैध रेत उत्खनन पर नजर रखी जा रही है और आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि अवैध खनन में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## नेकी की दीवार परिसर में मिला नवजात का शव



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। शहर के सिविल लाइन रोड स्थित नगर पालिका की नेकी की दीवार परिसर में बुधवार दोपहर कपड़ों के ढेर में एक नवजात बच्चे का शव मिला। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चे को जिला अस्पताल पहुंचाया।**

यह घटना सर्किट हाउस के सामने स्थित नेकी की दीवार स्थल की है, जहां लोग जरूरतमंदों के लिए कपड़े दान करते हैं। इसी परिसर में दीनदयाल रसोई और फायर ब्रिगेड का दफ्तर भी है।दोपहर में जब किसी की नजर कपड़ों के बीच पड़े बच्चे पर पड़ी, तो वहां लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। बच्चे के शरीर पर चींटियां लगी हुई थीं।कोतवाली थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक ने बताया कि ड्यूटी डॉक्टर विजय जैन ने जांच के बाद बच्चे की उम्र करीब एक सप्ताह बताई है। डॉक्टर के अनुसार, बच्चे के हाथ पर मिले निशानों से ऐसा लग रहा है कि उसका जन्म किसी निजी अस्पताल में हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगा कि बच्चे की मौत कितने घंटे पहले हुई थी। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर मासूम को यहां कौन छोड़कर गया। इसके लिए नेकी की दीवार और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और मामले की गहराई से जांच की जा रही है। टीकमगढ़ में सिविल लाइन रोड स्थित नगर पालिका की नेकी की दीवार परिसर में बुधवार दोपहर कपड़ों के ढेर में एक नवजात बच्चे का शव मिला। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चे को जिला अस्पताल पहुंचाया गया है।

# जिला स्तरीय वेटलैंड संरक्षण समिति का किया गठन



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला आर्द्रभूमि प्राधिकरण की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला स्तरीय वेटलैंड संरक्षण समिति का गठन किया जाकर एनजीटी के कार्यों की समीक्षा की गई। समिति द्वारा वेटलैंड में आने वाले तालाबों,वेटलैंड, जलाशयों के अतिक्रमण हटाकर उनके समुचित देखरेख की व्यवस्था की जानी है।**

बैठक में एनजीटी के निर्देशानुसार वेटलैंड नियम के अनुसार वेटलैंड,तालाब,जलाशय की भूमि पर कब्जा करने अथवा उसका उपयोग बदलने, नये उद्योग स्थापित करने या मौजूदा उद्योगों के विस्तार करने, निर्माण मलबा, कचरा, ई-कचरा फेंकने या भराव करने, अशोधित पानी,सीवेज,अपशिष्ट का निस्सारण करने, वेटलैंड,तालाब,जलाशय के अंदर तथा उसके एफएलटी से 50 मीटर की परिधि में पक्का निर्माण करने तथा पक्षियों या अन्य जीवों के शिकार करना पूर्णत: प्रतिबंधित है तथा उल्लंघन करने पर नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह, संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम टीकमगढ़ श्रीमती संस्कृति मुदित लटौरिया, एसडीएम बल्देवगढ़ श्रीमती भारती देवी मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अंजली शर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## आज रोजगार मेला आयोजित

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले के वेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के सहयोग से शासकीय पीजी कॉलेज टैगोर हॉल, कुण्डेश्वर रोड में 21 मई 2026 को प्रात: 11 बजे से युवा संगम, रोजगार मेल का आयोजन किया जा रहा है।**

रोजगार मेले में जिले के समस्त वेरोजगार युवा अपने समस्त प्रमाण पत्रों, समग्र आईडी सहित उपस्थित होकर देश-प्रदेश की जानी-मानी निजी कम्पनियों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

# कचरा फैलाने वाले पर 10 हजार का चालान

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार जिले के नगरीय निकायों में स्वच्छता सर्वेक्षण-2025 अंतर्गत लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसीक्रम में नगर पालिका द्वारा शहर में सिविल लाइन रोड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान व्ही-बाजार के समीप स्थित छोटे पार्क में कचरा एकत्रित पाया गया। जांच के दौरान टैग एवं बिल के द्वारा यह सामने आया कि उक्त कचरा व्ही-बाजार द्वारा ही फेंका गया था।**



प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका की प्रशासक अंजली शर्मा तथा सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया के निर्देशानुसार व्ही-बाजार पर कचरा डस्टबिन में नहीं फेंकने के कारण 10 हजार रुपये का चालान किया गया। साथ ही संबंधित प्रतिष्ठान को भविष्य में दोबारा इस प्रकार कचरा नहीं फेंकने की सख्त हिदायत दी गई है।

इसीक्रम में नगर पालिका द्वारा शहर में सिविल लाइन रोड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान व्ही-बाजार के समीप स्थित छोटे पार्क में कचरा एकत्रित पाया गया।

## ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण में हॉकी मैच

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अतंर्गत ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह 2026 के दौरान टीकमगढ़ एवं छत्तरपुर के बीच हॉकी का मैच का आयोजन किया गया।**

इस दौरान पुरुष वर्ग के मैच में टीकमगढ़ ने छतरपुर को 4-1 स्कोर से हराया। इस मैच में टीकमगढ़ की तरफसे आलीशान खान, आयुष ,मानवेंद्र, शैलेन्द्र, अर्जुन द्वारा उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया गया। इस प्रकार महिला वर्ग में टीकमगढ़ ने छतरपुर को 3-0 स्कोर से हराया महिला वर्ग में राधिका ,कल्पना , अविधा ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अतंर्गत ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर समारोह 2026 के दौरान छत्तरपुर के बीच हॉकी का मैच का आयोजन किया गया।

# गर्मी के चलते महिला ने अस्पताल में तोड़ा दम

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। मंगलवार को ओरछा से टीकमगढ़ आ रही एक यात्री बस में महिला की तबीयत अचानक बिगड़ गई। शाम करीब 6 बजे अस्पताल ले जाने के बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। डॉक्टर्स का मानना है कि महिला की जान लू हीट स्ट्रोक लगने की वजह से गई है।**

मंगलवार को पारा 45.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। दोपहर के वक्त झांसी-टीकमगढ़ रूट की एक बस में सवार महिला को वर्मा गांव के पास घबराहट और बेचैनी होने लगी। बस कंडक्टर ने तुरंत 108 एंबुलेंस को फोन किया, जिसके बाद महिला को जिला अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, डॉक्टरों की कोशिशों के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका।मृतक महिला की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। बस कंडक्टर के मुताबिक, महिला ओरछा से बस



में बैठी थी। उसके पास से ऐसा कोई दस्तावेज या पहचान पत्र नहीं मिला है जिससे उसका नाम या पता चल सके। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और महिला की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।अस्पताल में तैनात डॉक्टर पुष्पेंद्र कुशवाहा ने बताया कि शुरुआती तौर पर यह मौत हीट स्ट्रोक यानी लू लगने के कारण हुई लग रही है। फिलहाल शव को सुरक्षित रखवाया गया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह साफ हो पाएगी। जिला प्रशासन ने लोगों से इस भीषण गर्मी में सावधानी बरतने की अपील की है। मंगलवार को ओरछा से टीकमगढ़ आ रही एक यात्री बस में महिला की तबीयत अचानक बिगड़ गई। शाम करीब 6 बजे अस्पताल ले जाने के बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# वैज्ञानिकों ने दलहनी फसलों के महत्व से कराया अवगत

**हरी खाद से प्रयुक्त होने वाली फसलों की दी जानकारी**

**खेत की जुताई कर मिट्टी में मिला देने की सलाह**

**नवभारत न्यूज, जतारा। कृषि विज्ञान केंद्र, टीकमगढ़ के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ. बीएस किरार, वैज्ञानिक डॉ. एसके सिंह, डॉ. यूएस धाकड़ एवं डॉ. आईडी सिंह द्वारा किसानों को जैविक,प्राकृतिक खेती हेतु हरी खाद के लिए सनई या ढैंचा की फसलों की बुवाई करें। हरी खाद के लिए हमारे पूर्वज भी सनई या ढैंचा की फसल बोनी कर भूमि की उर्वराशक्ति और उत्पादकता को बढ़ाते थे। कृषि में दलहनी फसलों का महत्व सदैव रहा है। दलहनी एवं गैर दलहनी फसलों को उनके वानस्पतिक वृद्धि के समय जुताई कर पौधों को सड़ने के लिए मिट्टी में दबाना ही हरी खाद कहलाता है।**



इससे मृदा में उर्वरता एवं उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलती है। ये फसले अपनी जलग्रांन्थियों में उपस्थित सहजीवी जीवाणुओं द्वारा वायुमंडल में उपस्थित नत्रजन को सोखकर भूमि में एकत्र करती हैं। हरी खाद के लिए प्रयुक्त होने वाली प्रमुख फसलें दलहनी फसलों में ढेंचा, सनई, उर्द, मूँग, चना, मसूर, मटर, लोबिया, मोठ, खेसारी तथा कुल्थी मुख्य हैं। लेकिन जायद में हरी खाद के रूप में अधिकतर सनई ऊँचा, उर्द एवं मूँग का प्रयोग ही प्राय: अधिक होता है। हरी खाद हेतु चयनित फसलों की मई के अंतिम सप्ताह में बुवाई कर देना चाहिये और लगभग 40 दिन की फसल होने पर खेत की जुताई कर मिट्टी में मिला देना चाहिये। सनई की हरी खाद हेतु 20 कि.ग्रा. बीज प्रति एकड़ और बीज उत्पादन हेतु 10 कि.ग्रा. बीज प्रति एकड़ पर्याप्त होता है। ढैंचा की हरी खाद हेतु बीज दर 16 से 20 कि.ग्रा. प्रति एकड़ पर्याप्त होता है। हरी खाद के लिए फसलों में दलहनी फसलों की जड़ों में उपस्थित सहजीवी जीवाणु ग्रंथियाँ वातावरण में युक्त नाइट्रोजन को यौगिकीकरण द्वारा पौधों को उपलब्ध कराती है। फसल शीघ्र वृद्धि करने वाली हो। हरी खाद के लिए ऐसी फसल होनी चाहिए जिसमें तना, शाखाएँ और पत्तियों कोमल एवं अधिक हों, ताकि मिट्टी में शीघ्र अपघटन होकर अधिक से अधिक जीवांश तथा नाइट्रोजन मिल सके।

## स्वास्थ्य विभाग की एडवाइजरी जारी

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़।** भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। पिछले दो दिनों से अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ है, जबकि रात का पारा भी बढ़कर 29.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। लू के ऑरेंज अलर्ट के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग ने लोगों के लिए एडवाइजरी जारी की है। भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार को अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री और सोमवार को 44 डिग्री दर्ज किया गया था।

**मनमानी** | **अवैध कमाई करने के लिए अपनाया तरीका**

# आरक्षक ने स्वयं के खर्च पर लगवाया सीसीटीवी कैमरा

**नवभारत न्यूज, मोहनगढ़। आधुनिक युग में बढ़ती हुई टेक्नोलॉजी ने जिस तरह से बढ़ते हुए क्राइम को नियंत्रित करने के लिए शासन प्रशासन एवं आमजन को सहायता प्रदान की है तो वही कुछ भ्रष्ट कर्मचारियों के लिए अवैध कमाई का जरिया टेक्नोलॉजी बन गई है। ऐसा ही एक मामला जिले के मोहनगढ़ थाना क्षेत्र की बंधा चौकी क्षेत्र से सामने आया है।**

दरअसल पुलिस अवैध गतिविधियों एवं अपराधियों पर नजर रखने के लिए तीसरी आंख यानी की सीसीटीवी कैमरे की मदद लेता है तो वही बंधा चौकी में पदस्थ आरक्षक अपनी अवैध कमाई पर नजर रखने के लिए स्वयं की जेब से खर्च कर बंधा और बम्होरी को जोड़ने वाली सड़क के बिंदारी चौराहे पर बने




एक मकान पर सीसीटीवी कैमरा लगाए हुए है। जिसमें वह चौकी में बैठे-बैठे अपने मोबाइल में आने-जाने वाले अवैध रेत पत्थर मुरम के ट्रैक्टर के साथ अवैध रूप से जिले से बाहर होने वाले भूसे के परिवहन कर रही गाड़ियों पर नजर रखने का काम करता है। बाद में जाकर माफियाओं से उगाही करने का काम करते है।यहां निवासरत धर्मदास दांगी ने बताया कि बंधा चौकी में पदस्थ आरक्षक नरेंद्र जाट और रामबीर गुर्जर शाम को आकर यहां बैठते है और यहां से निकलने बाली भूसे की गाड़ियों बालों से 200 -200 रुपए की उगाही करके चले जाते है। ग्रामीणों ने तो यह भी बताया कि हम लोग तो यहां पर बैठने से मना करना चाहते हैं लेकिन पुलिस के भय के कारण कुछ नहीं कह पाते हैं। आपको बता दे बंधा चौकी क्षेत्र के अधिकांश गांवो से उत्तर प्रदेश की सीमा स्पर्श करती है इसलिए अवैध परिवाह अक्सर यहां से होना तय होता है जिसका फायदा बंधा चौकी में लंबे समय से पदस्थ आरक्षक उठा रहे है। इस संबंध में जब बंधा चौकी के प्रभारी प्रधान आरक्षक अशोक नायक से बात की गई तो उन्होनें बताया कि विभाग की ओर से चौकी क्षेत्र में कहीं भी सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए गए है।

मुझे भी सुनने में आया है कि बंधा चौकी में पदस्थ एक आरक्षक ने अपना निजी सीसीटीवी कैमरा विंदारी तिगेला पर लगवाया है जो शासन के नियम के खिलाफ है। इस पूरे मामले की छानवीन कर जांच कराई जा रही है। आधुनिक युग में बढ़ती हुई टेक्नोलॉजी ने जिस तरह से बढ़ते हुए क्राइम को नियंत्रित करने के लिए शासन प्रशासन एवं आमजन को सहायता प्रदान की है तो वही कुछ भ्रष्ट कर्मचारियों के लिए अवैध कमाई का जरिया टेक्नोलॉजी बन गई है।

**एसपी के निर्देश पर जांच जारी**

पूरे मामले की जानकारी दूरभाष पर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई को दी गई है उन्होनें मामले पर तुरंत संज्ञान लिया और मुझे यानि जतारा एसडीओपी को जांच के लिए निर्देशित किया। मैं इस पूरे मामले को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में दिखवाता हूं।

**अभिषेक गौतम एसडीओपी जतारा**


**कार्यालय नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ (म .प्र .)**

ई-मेल-cmoTikamgarh@mpurban.gov.in

फोन-07683-245323

**क्रमांक/276/ न.पा./ निर्माण / 2026** — **टीकमगढ, दिनांक 13/5/2026**

**ऑनलाइन निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं . निविदा का विस्तृत विवरण https//mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है .

| क्र . | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ( EMD ) | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_ 508392_1 16-05-2026 को सायं 05 :00 बजे से | वार्ड नं . 21 में राय के मकान से देवकी नगर एवं रोहित यादव की गली से अरविन्द्र पटैरिया एवं मोनू मिश्रा के मकान से कसगर की गली एवं सोलंकी के मकान तक सी .सी . रोड एवं नाली निर्माण कार्य . | 12 माह 12605836.00 | 12500 63029 | 20.06.2026 सायं 05 :30 बजे तक |

1. मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय का पत्र क्र ./एफ-237/2024/18-2 भोपाल दिनांक 09.09.2024 प्रभावशील रहेगा, जो कि निविदा एवं अनुबंध का भाग है .

**नोट :-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन की वेबसाइट पर ही किया जावेगा . पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा .

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद टीकमगढ**
**जिला टीकमगढ़ (म .प्र)**